# डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
## Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in


पत्रांकः COE-452 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2025–26 दिनांकः–29 दिसम्बर, 2025

**विषम अधिसत्र परीक्षा (दिसम्बर, 2025 के अन्तर्गत) माह जनवरी, 2026 हेतु**
**समर्थ पोर्टल पर कोर्स सेलेक्शन एवं ऑन–लाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना**

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–440, दिनाँक 20.12.2025 द्वारा विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025–26 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के विषम अधिसत्र (तृतीय/पंचम/सप्तम्/नवम्) पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् विद्यार्थियों हेतु ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन करते हुए परीक्षा आवेदन–पत्र दिनाँक 22.12.2025 से दिनाँक 31.12.2025 तक भरे जाने हेतु सूचना निर्गत की गयी।

उक्त के क्रम में **विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के विषम अधिसत्र (प्रथम/तृतीय/पंचम/सप्तम/नवम् सेमेस्टर) में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी विषम अधिसत्र परीक्षा (दिसम्बर, 2025 के अन्तर्गत) माह जनवरी, 2026 हेतु अनन्तिम परीक्षा समय–सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।** विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए परीक्षा आवेदन–पत्र भरना सुनिश्चित करें :–

उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थओं में संचालित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत विषम अधिसत्र परीक्षा (दिसम्बर, 2025 के अन्तर्गत) माह जनवरी, 2026 हेतु अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित लिंक **https://dsmru.samarth.edu.in/index.php/site/login** के द्वारा Samarth Portal के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या (**Enrollment No.**) भरकर लॉगिन करते हुये **दिनांक 29.12.2025 से दिनांक 03.01.2026 तक अपना ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भरना सुनिश्चित करें।** साथ ही विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें। समर्थ पोर्टल पर **ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन एवं ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।**

परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे समर्थ पोर्टल पर अपने ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन करते हुए परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें। ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन/परीक्षा आवेदन भरे जाने के पश्चात् विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर प्रदान किया जाना संभव नहीं हो पायेगा।

उक्त के क्रम में समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन/ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भरने में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या होने पर सम्बन्धित विभाग के अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान के संबंध में प्राचार्य/कोर्स को–आडिनेटर से सम्पर्क करेंगे।

उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों के श्रुतिलेखक से सम्बन्धित फार्म परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के एकेडमिक ब्लाक ए–2 स्थित परीक्षा काउण्टर से प्राप्त कर भरते हुए सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक से अग्रसारित कराते हुए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के काउण्टर पर जमा करना होगा, जिसके पश्चात् परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा श्रुतिलेखक का प्रवेश–पत्र निर्गत किया जायेगा।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in



पत्रांकः COE-452 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2025–26 दिनांकः–29 दिसम्बर, 2025

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता (शैक्षणिक), विश्वविद्यालय।
5. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए आवेदन भरे जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें तथा विद्यार्थियों द्वारा भरे गये ऑन–लाइन आवेदन को अपने स्तर से वेरीफाई करने का कष्ट करें।
6. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
7. प्राचार्य/कोर्स को–आर्डिनेटर, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु निर्देशित करते हुए विद्यार्थियों द्वारा भरे गये ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन को अपने स्तर से वेरीफाई (फोटो एवं हस्ताक्षर सहित) करेंगे तथा अर्ह/पात्र विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण शुल्क सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 05.01.2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
8. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित विभाग में अध्ययनरत् विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को अपने विभाग में सुरक्षित रखेंगे।
10. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
11. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

29/12/25

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक